सुविचार

दुनिया कब चुप रहती है, कहने दो ना जो कहती है..!

साप्ताहिक

युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI NO. MPHIN/2015/78299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS FREEDOM OF SPEECH

जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-10 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# घटित अपराध की झूठी सूचना देना कब अपराध होता है जानिए/legal advice...

जब कोई अपराध हमारे सामने घटित होता है और हम उस अपराध को छुपाकर पुलिस वाले को झूठी जानकारी देते हैं वह भी अपराध होता है जैसे कि किसी व्यक्ति ने हमारे समाने चोरी की है और हम पुलिस अधिकारी से कहते हैं की उसने चोरी नहीं की है वह तो हमारे साथ काम पर गया था जबकि हमे पता था की चोरी उसी ने की थी इस तरह से झूठी जानकारी या सूचना देने वाला व्यक्ति भी एक अपराध करता है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

## भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 203 की परिभाषा ?

कोई व्यक्ति जानते हुए की उसने किसी घटना को स्वयं देखा है और उस सच्ची घटना की गलत या झूठी जानकारी किसी मजिस्ट्रेट या पुलिस अधिकारी को देता है वह व्यक्ति भारतीय दण्ड संहिता, की धारा 203 के अंतर्गत दोषी होता है।

इस अपराध के अवश्यक तत्व है-

1. कोई अपराध सच मे हुआ हो।
2. आरोपी ने अपराध की जानकारी जानबूझकर छुपाई हो
3. जो सूचना, पुलिस, मजिस्ट्रेट को दी गई है वह झूठी हो

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 203 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान ?

इस धारा के अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है

**सजा-** इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# पुलिस अधिकारी द्वारा गैर कानूनी तरीके से गिरफ्तार करके रखना कब अपराध होता है जानिए/ legal advice....

किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करके तब ही रखा जा सकता है जब न्यायालय किसी गंभीर अपराध में पूछताछ करने की आज्ञा देता है एक पुलिस अधिकारी बिना न्यायालय की अनुमति के किसी भी आरोपी व्यक्ति को परिरोध करके नहीं रख सकता है न ही गैर कानूनी तरीके से गिरफ्तार कर सकता है अगर कोई पुलिस अधिकारी येसा करता है तो उसके खिलाफ क्या कानूनी कार्रवाई होगी जानिए।

**भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 220 की परिभाषा:** जो कोई लोक सेवक किसी पद पर होते हुए किसी व्यक्ति को भ्रष्टाचार पूर्वक या द्वेषपूर्ण भावना रखते हुए विचारण के समय तक या गैर कानूनी रूप से गिरफ्तार करके परिरोध करके रखेगा। वह लोक सेवक भारतीय दण्ड संहिता की धारा 220 के अंतर्गत दोषी होगा

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 220 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान:** इस धारा के अपराध असंज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है।

**सजा-** इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम सात वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

**?? लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

# मोदी पर आपत्तिजनक बयान के बाद घिरी कांग्रेस कांग्रेस के नेताओं पर भाजपा का चौतरफा वार

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कांग्रेस नेताओं के आपत्तिजनक बयान के बाद कांग्रेस घिर गई है। कांग्रेस के नेताओं पर भाजपा चौतरफा बार कर रही है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का मानसिक संतुलन ठीक होने का नाम नहीं ले रहा है। पीएम मोदी के सिर फोड़ने वाले बयान के बाद फिर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी को डिफाल्टर कह कर महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ दी है। इसकी शिकायत के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर उन पर एफआइआर दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग की हिदायत के बाद भी महंत और कांग्रेस पार्टी के नेता आए दिन पीएम मोदी को सिर फोड़ने, गाली देने सहित उनके व्यक्तिव को लेकर अशिष्ट भाषा का इस्तेमाल कर रहे है। इसके लिए चरण दास महंत जी आप कब माफ़ी मांगेंगे।



शर्मा ने चरणदास महंत से सवाल पूछते हुए कहा कि 2018 के चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जो वादे किए थे उसे पूरा नहीं किया तो क्या उसके लिए भूपेश बघेल को डिफाल्टर कहेंगे? क्या वादे पुरे नहीं करने के लिए चरणदास महंत सोनिया गांधी और राहुल गांधी को डिफाल्टर कहेंगे? क्या झूठे वादे करके सत्ता पाने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चरणदास महंत डिफाल्टर कहेंगे? उन्होंने कहा कि हाथ में मैया गंगा की सौगंध खाने वाली कांग्रेस ने शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं किया। इसके साथ ही बेसहारा महिलाओं को 500 रुपये पेंशन वादा भी पूरा नहीं किया। जनता भी समझ चुकी है कि कांग्रेस झूठे जनघोषणा पत्र से पहले वोट लेती है फिर सत्ता में आने के बाद लूट खसोट और भ्रष्टाचार में जुट जाती है। इस दौरान पत्रकार वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी राहुल राय भी उपस्थित रहे।

## राजनैतिक भाषा की मर्यादा को भाजपा गिरा रही : कांग्रेस

इधर, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बेहद शर्मनाक है कि देश और प्रदेश में सरकार चलाने वाली भाजपा अब विपक्षी दल के नेताओं की तुलना कुत्ते की पूंछ से कर रही है। यह भाजपा का संस्कार है। भाजपा बताए कि विपक्ष को कुत्ते की पूंछ कहना कौन सी मर्यादा? चुनाव में राजनैतिक प्रहारों का विलाप करने वाले भाजपाई राजनीति के स्तर को गिरा रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का आइटी सेल कांग्रेस नेताओं और प्रत्याशियों का स्तरहीन पोस्टर बना कर भाजपा के इंटरनेट मीडिया हैंडल से पोस्ट कर लगातार पोस्ट करता है, जिसमें राजनैतिक भाषा शैली की मर्यादा को तार-तार किया जाता है जब अपने पर आती है तो भाजपाई विलाप करने लग जाते है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव शुरू होते ही भाषाई मर्यादा का उल्लंघन भाजपा के इंटरनेट मीडिया हैंडल से जारी पोस्टरों से हुई है जो आज तक जारी है।

# खूब वायरल हो रही अमित शाह व ममता के भाषणों की क्लिपिंग, इन दो शब्दों पर गरमाई सियासत

**बालुरघाट।** पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मात देने के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ रही है। राज्य की सियासत में इन दिनों मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और गृह मंत्री अमित शाह के भाषण की क्लिपिंग खूब वायरल हो रही है और सिर्फ दो शब्दों पर राजनीति गरमा रही है। ये दो शब्द हैं, 'बेलुरघाट' और 'आत्मीय नदी'। यहां जानें क्या है ये पूरा मामला, जिस पर पक्ष और विपक्ष दोनों ही ओर से कई तर्क दिए जा रहे हैं।



बीते दिनों मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने भाषण में 'आत्रेयी नदी' को 'आत्मीय नदी' कहा था, वहीं दूसरी ओर अमित शाह ने अपने भाषण में एक स्थान पर 'बालुरघाट' को 'बेलुरघाट' कह दिया था। इसके बाद से ही दोनें नेताओं के भाषणों के ये क्लिपिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसको लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के मीम्स बन रहे हैं और उन्हें वायरल किया जा रहा है इन दो शब्दों को लेकर सियासत इतनी गरमा गई है कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के नेता अब एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। ज्ञ्रस्ष्ट नेता और लोकसभा उम्मीदवार बिप्लब मित्रा ने भाजपा उम्मीदवार सुकांत मजूमदार के साथ-साथ अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा है कि गृह मंत्री का बयान निरर्थक है, उन्होंने जिले के विकास के लिए कुछ नहीं कहा। वह तो बालुरघाट का नाम तक नहीं बोल सकते हैं। वे अपने भी प्रत्याशी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का नाम ठीक से नहीं बता सकते हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सुकांत पर निशाना साधते हुए कहा कि वे 5 साल सांसद रहे। पीने का पानी, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल आदि के लिए कोई काम नहीं किया। उन्हें पहले अपना काम बताना चाहिए, उसके बाद टीएमसी की आलोचना करना चाहिए। वहीं पलटवार करने में भाजपा उम्मीदवार सुकांत मजूमदार भी पीछे नहीं है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली एकमात्र महिला गेमर पायल धारे, भिलाई से पूरी की है अपनी शिक्षा



**भिलाई।** भिलाई के रुंगटा कॉलेज में पढ़ी पायल धारे देश की एकमात्र आनलाइन गेमर महिला है। पायल धारे भिलाई में अपने नाना-नानी के घर पर रहती थी। पायल के मामा का नाम आशीष चौधरी है। विगत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ भारतीय ऑनलाइन गेमर्स से मुलाकात की। प्रधानमंत्री से मुलाकात करने वाले आनलाइन गेमर में पायल धारे भी शामिल हैं। वह मूलत~ मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के छोटे से गांव उमरानाला की निवासी है। फिलहाल मुंबई में निवासरत है। इंस्टाग्राम पर पायल धारे के फॉलोअर्स की संख्या 31 लाख है। इंटरनेट मीडिया पर भी इनके फॉलोअर्स की अच्छी-खासी संख्या है। इन लोगों से मिलकर प्रधानमंत्री मोदी ने गेमिंग इंडस्ट्री में आने वाली चुनौतियों, गेमिंग-गैंबलिंग में अंतर और दूसरे विषयों पर चर्चा की है।

# व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर महंगा, इसलिए दुकानों पर हो रहा घरेलू रसोई गैस का उपयोग

**भिंड।** शहर में खान-पान की सामग्री वाली दुकानों, होटलों, शादी विवाह समारोह, चार पहिया वाहनों और हाथ ठेलों पर अवैध रूप से रसोई गैस सिलेंडर का खुलेआम उपयोग हो रहा है। इससे शासन को रोजाना हजारों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। जिम्मेदारों द्वारा इन लोगों पर कार्रवाई नहीं करने से होटल और हाथ ठेले संचालकों द्वारा बेखौफ होकर रसोई गैस का उपयोग किया जा रहा है।बता दें, कि रसोई गैस का उपयोग रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा शहर में लंबे समय से कार्रवाई नहीं की है। इससे होटल संचालक, चाय नाश्ते की दुकान वाले,



शादी विवाह समारोह, चार पहिया वाहनों में रसोई गैस का उपयोग बेखौफ होकर किया जा रहा है। रसोई गैस का उपयोग बड़ी भट्टी आदि में करने से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। इसके बाद भी न तो गैस एजेंसी संचालकों और न ही खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा इस और कार्रवाई की जा रही है। रसोई गैस का व्यावसायिक उपयोग से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। शहर में कई बार गैस सिलेंडर में आग लगने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। इसमें कई लोग झुलस भी गए हैं। इसके बाद भी विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में संचालित गैस एजेंसियों से हर महीने हजारों घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग होती है लेकिन इन एजेंसियों पर व्यावसायिक सिलेंडरों की बुकिंग इसकी तुलना में बहुत कम होती है। शहर में कई चार पहिया वाहन अवैध रूप से एलपीजी गैस से चल रहे है।

# जनाधार के मोर्चे पर भूपेश बघेल की दूसरी अग्नि परीक्षा, भाजपा को अपना गढ़ बचाने की चुनौती

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट पर इस बार रोचक मुकाबला होने वाला है। इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता भूपेश बघेल स्वयं चुनावी मैदान में हैं। जबकि भाजपा की ओर से मौजूदा सांसद संतोष पांडेय दोबारा जोर आजमाइश कर रहे हैं। भूपेश विधानसभा चुनाव में पाटन विधानसभा सीट से अपनी विधायकी बचाने में तो कामयाब रहे हैं पर अपनी सरकार नहीं बचा पाए हैं। अब एक बार फिर उनकी साख दांव पर लगी हुई है। कांग्रेस ने भूपेश को मैदान में इसलिए उतारा है कि



प्रदेश में कांग्रेस की सीट का ग्राफ बढ़ाया जा सके। यह सीट भाजपा के लिए भी अहम है क्योंकि भाजपा नेता व छत्तीसगढ़ में तीन बार मुख्यमंत्री रहे डा. रमन सिंह भी इसी क्षेत्र से विधायक हैं। हालांकि रमन वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष होने के नाते सक्रिय राजनीति में प्रत्यक्ष सहभागी नहीं बन रहे हैं मगर उनकी भी साख लगी हुई है।

इंडिया गठबंधन बेल में या तो जेल में - जेपी नड्डा राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा रामलला को लाएंगे, तिथि भी बताएंगे,

# आयुष्मान योजना विश्व की सबसे बड़ी योजना जिसमे गरीब आदमी को मुफ्त इलाज प्राप्त हुआ

## • आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज जल्द खुलेगा शहडोल में

**शहडोल।** शहडोल के हृदय स्थल गांधी चौक में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को आमसभा को सम्बांधित करते हुए कहा कि विकास की दृष्टि से पिछले 10 वर्षां में शहडोल की जो चिंता हुई है, वह पहले कभी नहीं हुई आगे भी शहडोल एक लंबी छलांग लगाकर विकास में और तेजी गति से बढ़ेगा। यह मैं आपको विश्वास दिलाता हूं मुझे बड़ी विपरीत स्थिति दिखती है। एक तरफ मोदी हैं जो देश को आगे बढ़ाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं, दूसरी ओर विपक्ष बस एक ही काम में जुटा है मोदी हटाओ मोदी हटाओ और मोदी कह रहे हैं कि देश को आगे ले जाओ देश को आगे ले जाओ। शहडोल जिले की विराट धरा पर मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आगमन हुआ, राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव, प्रहलाद पटेल मंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, विधायक मनीषा सिंह, जयसिंह मरावी, मीना सिंह, शरद कोल, बिसाहू लाल सिंह, दिलीप पाण्डेय, रामदास पुरी, अमिता चपरा, प्रभा मिश्रा, लोकसभा संयोजक प्रकाश जगवानी सहित कई बड़े नेताओं की उपस्थिति में विशाल जनसभा का आयोजन हुआ।

### मोदी सरकार का कार्यकाल अमृतकाल

मंच के दौरान हिमाद्री सिंह ने जनता जनार्दन से आशीर्वाद की अपील की और मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल को अमृत काल की संज्ञा देते हुए विकास की गाथाएं जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। हिमाद्री सिंह ने क्षेत्र में आम जनता के लिए नागपुर ट्रेन संचालन करने का जो वादा किया था वह अपने कार्यकाल में पूरा करके जनता को विश्वास दिलाया कि आगे भी इसी तरह का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार करती रहेगी। हिमाद्री सिंह ने जनता से अपील किया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास की सरकार है। अमरकंटक क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र का दर्जा दिलाया और सागर टोला से लेकर नागपुर तक के लिए 851 करोड़ की लागत की सड़क का निर्माण भी इसी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में की जा रही है। ऐसे बहुत से विकास की गाथाएं हैं जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पूर्ण हुई है और आगे भी इसी तरह की




विकास चलती रहेंगी।

### कांग्रेस शासन में उपेक्षित रहा शहडोल लिख रहा विकास के नए आयाम

इसके उपरांत मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने अपना उद्बोधन मंच के माध्यम से किया । बीडी शर्मा ने मध्यप्रदेश को आज भारत का सबसे विकासशील प्रदेश बताया । अध्यक्ष ने पूर्व के कार्यकाल में हुए अनेक कार्यो की बातें जनता के समक्ष रखी चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना हो, आयुष्मान भारत योजना हो या फिर गरीबों को पक्का देने का वादा हो, चाहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो, ऐसे कई विकास के बातों को जनता के समक्ष रखा और मोदी को विकाश पुरुष बताया। और हिमाद्री सिंह के संबंध में जनता से वोट डालने की अपील की । उन्होंने यह बताया कि शहडोल नगर, जो की उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता था आज वह पूरे देश में अव्वल दर्जे पर है और यह विकास यूं ही चलता रहेगा ।

### खोला जाएगा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज

डाक्टर मोहन यादव ने विराट धरा से विकास की गिनती बताई और 32 वर्ष 28 दिन पहले आए दिन की प्रतीक चिन्ह भेंट किया । मंच के माध्यम से उद्बोधन में मध्यप्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव ने अपना उद्बोधन दिया । उद्बोधन के दौरान डॉ यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत करताल ध्वनि से अपने इस विराट की नगरी में आने पर सम्मान किया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को 32 वर्ष 28 दिन पहले आए उस पल को भी याद दिलाया कि जब वह युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुआ करते थे और उसकी एक प्रतीक चिन्ह भी भेंट की । डॉ मोहन यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को मध्यप्रदेश में हुए विकास के कार्यों का उल्लेख करते हुए विकास के लिए मध्य प्रदेश की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने बताया कि नड्डा जी मध्यप्रदेश के हमारे दामाद हैं इस संबंध के तहत वह हमारे और घनिष्ठ हैं और हमारा उन पर ज्यादा अधिकार है ।डॉ मोहन यादव ने इस संबंध को और गहरा बताते हुए कहा कि हम इससे और ज्यादा मध्य प्रदेश में विकास की उम्मीद करते हैं । मुख्यमंत्री ने सभी बड़े-बड़े शहरों की तरह इन छोटी शहरों में भी एयर एंबुलेंस की शुरुआत करने का सौगात दिया । जल्द ही इन छोटे-छोटे शहरों में एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति विशेष परिस्थिति में जिस प्रकार से 108 की शुरुआत की गई है उसी प्रकार से एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था मध्य प्रदेश की जनता के लिए किया गया है सभी जगह पर लगभग 12 मेडिकल कॉलेज की स्थापना भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किया गया है। उन्होंने आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज खोलने का भी वादा किया । शहडोल की जनता को उन्होंने बताया कि शहडोल को बड़े शहरो की तरह विकसित किया जाएगा और यह शहर मध्यप्रदेश में एक अलग नाम से जाना जाएगा विकास की इस कड़ी में मुख्यमंत्री ने सभी जनता जनार्दन से हिमाद्री सिंह को वोट देने की अपील की और यहां एक नया कीर्तमान स्थापित करने का भी जनता जनार्दन से आशीर्वाद लिया उन्होंने बताया कि पूर्व में यह सीट लोकसभा साढे चार लाख वोट से जीत दर्ज की गई थी वह 6:50 लाख की जीत दर्ज करने का जनता जनादर्जन से अपील किया ।

### देश के विकास में बाधा बन रहे विपक्षी या तो जेल में या तो बेल में

शहडोल पधारे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी. नड्डा ने जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी जी की गारंटी पर जनसभा से संवाद करते हुए कहा कि आज पूरा विपक्ष मोदी हटाओ मोदी हटाओ के नारे लगस रहा है और दूसरी तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास की बातें कर रहे हैं । विपक्षी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और मोदी भारत देश में विकास लेकर आ रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्ष गठबंधन मोदी के लिए नित्य नए षड्यंत्र कर रही है । आज पूरा विपक्ष मोदी को हटाने के लिए एक नया गठबंधन का निर्माण किया है जिसका नाम उन्होंने इंडिया गठबंधन रखा है यदि उस इंडिया गठबंधन के नेताओं की बात करें चाहे वह अखिलेश यादव हो चाहे लालू प्रसाद यादव हो चाहे सोनिया गांधी जी हो चाहे राहुल गांधी हो सभी आज बेल पर न्यायालय की रहमत पर आप सबके समक्ष खड़े हुए हैं। इंडिया गठबंधन के जितने भी सदस्य हैं या तो बेल में है या फिर जेल में है। जनसभा को संबोधित करते हुए हिमाद्री सिंह को लोकसभा में भेजने के लिए सभी जनता जनार्दन से अपील किया ताकि मोदी की गारंटी सरकार एक बार फिर भारत में आ सके । उन्होंने शहडोल में विकास की विभिन्न बातों की सराहना की उन्होंने बताया कि जब यहां विपक्ष की सरकार जब हुआ करती थी तो विपक्ष के नेता एरोप्लेन से चलती थी और पुरा सरकार एरोप्लेन में ही संचालित होती थी। आम जनता का कोई कनेक्शन नहीं था । आज हमारी सरकार ने आम जनता के लिए एयर एंबुलेंस की स्थापना की है जिसमें हर कोई जरूरतमंद आम जनता उस एयर एंबुलेंस का उपयोग करके अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य चिकित्सा हासिल कर सकता है। विपक्ष पर ताना करते हुए कहा कि मंदिर का निर्माण भी हमने किया है और 22 जनवरी की तिथि की भी हमने घोषणा किया है ।भले ही आप ना आए हो लेकिन आपका जो सवाल था की तिथि कब बताएंगे तो हमने 22 जनवरी का तिथि भी बता दिया। राम राज्य की स्थापना की है । विपक्ष पर ताना करते हुए नड्डा ने कहा कि अब भ्रष्टाचारियों की खैर नहीं है चाहे वह लालू प्रसाद यादव हो और चाहे केजरीवाल जैसे लोग हो जो अपने आप को पाक साफ बता रहे हैं जिन्होंने हजारों करोड रुपए की शराब घोटाले किए हो ऐसे सभी के ऊपर हमारी सरकार लगातार जांच पड़ताल करती रहेगी अब यह सरकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना साकार करेगी। कहीं भी भ्रष्टाचार को पनपने नहीं दिया जाएगा । ऐसे विभिन्न वादे मोदी की गारंटी खुशहाल मध्य प्रदेश की स्थापना आम जनता के समक्ष प्रस्तुत किया।

सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो

# निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली, दिया गया मतदान का संदेश




**शहडोल 10 अप्रैल 2024–** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत करूआताल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन के नेतृत्व में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली एवं चुनावी पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,अपना फर्ज निभाना है वोट डालने जाना है जैसे अन्य नारे के साथ मतदाताओं से 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु अपील की गई तथा मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कैंडल मार्च भी निकल गई। मतदाता जागरूकता रैली एवं चुनावी पाठशाला के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर श्रीमती ममता मिश्रा तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा के साथ–साथ छात्रों के कर्त्तव्य बोध हेतु किए जा रहे है नवाचार

### प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना हम सबका दायित्व

सम्भाग प्रभारी पत्रकार हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र 6263301848

सुल्तानपुर। प्राचीन काल से ही मनुष्य प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रहा है ।एवं उसका उपयोग कर रहा है ,प्रकृति हमें जीवन जीने की कला सिखाती है ।यदि आज हमने प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण नही किया तो इसके विपरीत परिणाम हमें भुगतने पड़ेंगे । शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा शिक्षा के साथ - साथ छात्रों को कर्तव्य बोध कराने के लिए विभिन्न प्रकार की नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है । जल ही जीवन है जल का संरक्षण, पेड़ पौधों का संरक्षण विषय पर आधारित गतिविधियाँ छात्रों के द्वारा की जा रही है जिससे बच्चों की समझ विकसित हो रही है एवं बच्चे प्रकृति द्वारा प्रदत्त वस्तुओं से परिचित हो रहें है । जल बचाओ, जीवन बचाओ पर आधारित लघु नाटिका बच्चों के द्वारा रोचक तरीक़े से प्रस्तुत की गई एवं जल संरक्षण हेतु संदेश दिया गया कि आज जल नही बचाया तो आने वाले समय में एक एक बूँद को तरसेंगे । इसलिए जल बचाना हम सबका दायित्व है ।











# आप भी पहचानिए इस नटवरलाल को,जिसने भाजपा जिला अध्यक्ष को था चमकाया आरटीओ ने पाली गुंडों की फौज

**शहडोल।** मंगलवार की दोपहर संभागीय मुख्यालय से गोहपारू जाने वाले मार्ग पर फर्जी आरटीओ बन जिस युवक ने भारतीय जनता पार्टी शहडोल के जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह से बदतमीजी की वह एक दिन या दो दिन से फर्जी आरटीओ बनाकर यह काम नहीं कर रहा, बल्कि उसे इस काम में पूरा संरक्षण शहडोल के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आशुतोष सिंह भदोरिया के अलावा अनूपपुर आरटीओ से लेकर उमरिया के आरटीओ तक दे रहे है,तभी तो सड़क पर इस अवैध वसूली को शिकायतों के बाद भी इन्होंने कभी संज्ञान में नहीं लिया, बल्कि अपना संरक्षण और साथ की कुर्सी देने में परहेज नही की। जिन चार लोगों के नाम सामने आए हैं उन चार लोगों में तथाकथित युवक ही एक ऐसा व्यक्ति है जो बीते कई सालों से गुंडागर्दी के दम पर उड़न दस्ता और अंतर राज्य चौकी का कर्ताधर्ता बन बैठा है, हालांकि घटना के दिन खुद को कैमरे से बचाने वाले तथा कथित संजय तोमर कभी अपना नाम रविंद्र तो कभी अपना नाम कुछ बताते हैं, इस मामले में गुरुवार को सोहागपुर पुलिस ने पीड़ित वाहन चालक की शिकायत पर संजय तोमर के खिलाफ अपराध तो दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी उसमें और धाराओं को बढ़ाना तथा गाड़ी में बैठकर संजय तोमर जैसे नटवरलाल और आरटीओ के नाम पर गुंडागर्दी कर वसूली करने वाले के खिलाफ अन्य धाराएं लगाना बाकी है, यही नहीं वाहन में बैठे उन महिला अधिकारियों और दो अन्य व्यक्ति जिन्हें होमगार्ड के रूप में पहचाना जा रहा है, उन्हें भी इस मामले में अभियुक्त बनाना चाहिए, संजय तोमर के अलावा इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड राजू राठौड़ और उसके साथ लोकेंद्र शर्मा और एक चौथी कड़ी धर्मवीर सिंह भी है जो एमपी व ष्द की अंतर राज्य चौकिया का ठेका लेते हैं और उसके बाद बीते कुछ 2 साल से यह लोग उड़न दस्ते का भी ठेका ले रहे हैं, इनके द्वारा खुलेआम वसूली की जाती है। अनूपपुर परिवहन अधिकारी का एक छायाचित्र सामने




आया है, जिसमें यही संजय तोमर एक महिला होमगार्ड के साथ खड़ा है और दूसरी तरफ अनूपपुर परिवहन अधिकारी अपने वाहन में बैठे हैं निश्चित है यह फोटो भी इस समय का है जब इनके द्वारा सड़क पर खड़ा करके वाहनों की जांच के नाम पर गुंडागर्दी की जाती रही होगी..??

## पहचानिए इस शख्स को, कहीं आपसे भी तो नही की इसने गुंडागर्दी या वसूली

अंतर राज्यीय चौकी चाहे वह खूंटा टोला, कबीर चबूतरा या फिर राजनगर की हो इन चौकिया पर लोकेंद्र और राजू राठौर के अलावा इस तीसरे व्यक्ति का धर्मवीर के साथ सिक्का चलता है, परिवहन विभाग के द्वारा आरक्षक और एस आई के पदों पर जिन दो महिलाओं की नियुक्ति की गई है, यह कहा जाता है कि दोनों महिलाएं उनके हाथों की कठपुतलियां हैं, यह भी बताया गया कि यह युवक जिसके खिलाफ सोहागपुर थाने में बुधवार को पीड़ित वाहन चालक की शिकायत पर दर्ज हुआ है, वह मुरैना जशिवपुरीज भिंड क्षेत्र का है और वहां से अपने साथ अपराधिक तत्वों को लाकर यहां पर रखता है,साथ में वाहन में ही हथियार भी लेकर चलता है, क्योंकि वाहन पर उड़न दस्ता आरटीओ या आरटीओ लिखा रहता है और परिवहन विभाग के अधिकारियों का इसे खुला संरक्षण होता है, इस कारण वाहन खड़ा करने के बाद वह उसे परिवहन विभाग के चौकी और समिपी थाना ले जाकर भी खड़ा कर आते हैं, कार्यवाही भी होती है इस कारण कोई भी वाहन मालिक इनसे बैर लेना नहीं चाहता, कथित युवक के हौसले का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि, उसने भारतीय जनता पार्टी के संभाग में बैठे जिला अध्यक्ष से यह जानने के बाद भी कि वह भाजपा का जिला अध्यक्ष है, किस रौब से बात की, इससे आप समझ सकते हैं कि आम आदमियों से उनका व्यवहार कैसा होता होगा। यह भी बताया गया कि परिवहन चौकी या फिर उड़न दस्ता रास्ते में जांच के दौरान यह मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं, विभाग के द्वारा दो से तीन होमगार्ड लिए गए हैं जो वर्दी में रहते हैं और इस तरह के गुंडे सादी वर्दी में अधिकारी बनकर खुलेआम लूट कर रहे हैं।

## नए मुख्यमंत्री बदलेंगे रिवाज

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अंतर राज्यीय चौकियों पर अवैध वसूली का यह रिवाज बीते 18 से 20 सालों से जब से मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री बने, तभी से चल रहा है, परिवहन मंत्री कोई भी हो, गृह मंत्री कोई भी हो इनके तार सीधे जुड़ ही जाते हैं और कुबेर पुत्र बने भिंड ..मुरैना तरफ के दबंग अनूपपुरज शहडोल और उमरिया जिले की सड़कों पर आतंक का पर्याय बन चुके हैं, यह बताया जाता है कि इनकी महीने की डेढ़ से 2 करोड रुपए की वसूली होती है,आज गुरुवार को मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री शहडोल दौरे पर है, इन सब के बीच परिवहन विभाग के अधिकारियों की शह पर चल रही गुंडागर्दी और खुद देश ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के जिला अध्यक्ष को जिस तरह कथित गुंडे ने चमकाया वह पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोर रहा है, ऐसे में मुख्यमंत्री इस मामले को संज्ञान में लेते हैंऔर करीब डेढ़ से दो दशक से नासूर बन चुके इन लोगों के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं, यह तो आने वाला समय बताएगा, आने वाला समय यह भी तय करेगा कि भाजपा के जिला स्तर के पदाधिकारी और भाजपा की साख और किसानों के लिए भाजपा के संगठन का लड़ना कितना सही है या फिर इन सब के ऊपर इन्ही की पार्टी पर आरटीओ बनाम कुबेर पुत्र भारी पड़ जाते हैं और मामला कुछ दिनों बाद ठंडा हो जाता है, हमें इंतजार रहेगा और लगातार खबर पर हमारे साथ बने रहिए एक बार फिर गौर से पहचान लीजिए इस शख्स को जिसने भाजपा के जिला अध्यक्ष को न सिर्फ चमकाया बल्कि ऑडियो में क्या-क्या कहा।

# शिक्षक का अनूँठा नवाचार : दैनिक प्रार्थना के साथ कराया जाता है योग ,व्यायाम

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के शिक्षक द्वारा किए जा रहें विभिन्न नवाचार



**संभाग स्तरीय पत्रकार हेमंत शाक्या संपर्क सूत्र 6263301848**

सुल्तानपुर। विद्यालय सीखने का वह स्थान है जहाँ देश के नौनिहालों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन से संबंधित चीजें भी सिखाई जाती है ।करें योग, रहें निरोग के अंतर्गत शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा अपने विद्यालय में दैनिक प्रार्थना के साथ बच्चों को योग, व्यायाम भी सिखाया जाता है ।जिससे बच्चों को भी आनंद आता है एवं वे योग भी सीख रहें है शिक्षक द्वारा बताया गया है कि दैनिक प्रार्थना के समय बच्चों को प्रतिदिन योग सिखाया जाता है जिससे बच्चे स्वस्थ रहें एवं योग की अवधारणा से परिचित हो सकें ।विभिन्न प्रकार के नवाचारों से बच्चों को निपुण बनाया जा रहा है ।परिणामस्वरूप बच्चे सीख भी रहें है । सूर्य नमस्कार, एवं अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन विद्यालय में हर वर्ष किया जाता है ।एवं समाज के लोगों को भी योग से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है ।



# मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओ के निराकरण हेतु माननीय कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा।

## संभाग स्तरीय पत्रकार हेमंत शाक्या

संपर्क सूत्र 6263301848

बुरहानपुर- मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा लोकसभा चुनाव के संदर्भ में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को सुझाव के रूप में माननीय कलेक्टर महोदय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें गर्भवती महिलाओं को निर्वाचन प्रक्रिया से मुक्त रखना ढाई वर्ष से कम आयु के बालकों की माताओ को एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के कर्मचारियों को निर्वाचन प्रक्रिया से मुक्त रखने हेतु निवेदन किया गया ।साथ ही मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष दिलीप इंगले के नेतृत्व में दो बार माननीय कलेक्टर महोदय से भेंट करने हेतु उपस्थित होकर काफी समय तक विश्राम कक्ष में इंतजार करने के उपरांत भी माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा भेट समय न देने के विरोध में ज्ञापन दिया गया ।ज्ञापन का वाचन जिला अध्यक्ष सुरेश पवार द्वारा किया गया इस अवसर पर श्री संजय चौधरी प्रदेश मंत्री, संभागीय सचिव अनिल जैसवाल, संजय शर्मा,सुनील कोटवे,आसिफ पिंजारी, प्रमोद महाजन, महिला प्रतिनिधि मंगला वाघ एवं संगठन के कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

# जंगली हाथी के द्वारा गोदाम का शटर तोड़कर चावल की बोरी ले जाने का मामला वीडियो हो रहा वाइरल

## भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक भूखे हाथी का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है । इस वीडियो में भूखे हाथी को खाने की तलाश में एक चावल के गोदाम में घुसते हुए देखा जा सकता है। कुछ ही पलों के भीतर हाथी बंद गोदान का शटर अपने सूंड से धक्के मारकर तोड़ देता है । इसके बाद वो अंदर से चावल से भरी एक बोरी खींचकर बाहर ले आता है और फिर उसे मजे से खाना शुरु कर देता है। इस वीडियो को एक व्यक्ति द्वारा दो अप्रैल को एक्स पर साझा किया गया था। फुटेज में हाथी को भंडारण सुविधा से अनाज की एक बोरी निकालते हुए दिखाया गया है। वीडियो में हाथी को दर्शकों को डराते हुए गोदाम के अंदर घुसते हुए देखा जा सकता है। फिर यह शटर तोड़कर अपनी सूंड से चावल से भरी हुई एक बोरी निकालकर अपने पैर से बोरी को फाड़कर चावल खाने के लिए आगे बढ़ता है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है हाथी जानता है कि अगर जंगल



में भोजन नहीं है तो उसे भोजन लेने के लिए भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में आना होगा। हालाँकि घटना के सटीक स्थान की पुष्टि नहीं की जा सकी है। वीडियो को अब तक 4 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। सोशल मीडिया यूजर्स ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन में जंगली जानवरों की स्थिति के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। संदेश ये है कि प्रशासन को भोजन की कमी की इस स्थिति से निपटने के लिए कदम उठाने चाहिए । दरसल इसका प्रमुख कारण जंगलों की बेतहाशा कटाई है जिस कारण इन बेजुबान प्राणियों को चारे एवं पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। फिर ये खाने की तलाश में शहरी बस्तियों कि तरफ़ आते हैं । पशु प्रेमियों के अनुसार पर्यावरण विभाग को जंगली पशुओं के लिए जंगलों में चारे पानी की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए । ताकि वे बस्तियों का रुख ना करें । गर्मी के मौसम में जंगलों में पानी की कमी के बीच पानी के गड्ढे खोदकर उन्हें टैंकरों से भरने की भी व्यवस्था होनी चाहिए ।

# एनएचआरसीसीबी के सदस्यों ने विशेष प्रोटोकॉल के तहत अनुमति लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के साथ पौधारोपण कर एवं थेलेसेमिया पीड़ित को रक्तदान कर मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

दिनांक 7 अप्रैल 2024 को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रोटोकॉल के तहत अनुमति लेकर दिनांक 8 अप्रैल को सोमवती अमावस्या के दिन मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पौधारोपण किया एवं अपनी संस्था राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं क्राइम कंट्रोल ब्युरो के विषय में संक्षिप्त विवरण देकर संस्था के कार्यों विचारधाराओं एवं भोपाल के पदाधिकारियों का परिचय कराया साथ ही भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों में उन्हे सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया गया। एवं शिवराज सिंह चौहान द्वारा संस्था के पदाधिकारियों को समय लेकर विशेष चर्चा पर आमंत्रित किया गया।

पौधारोपण उपरांत संस्था के सदस्य लकी सिंह नेगी द्वारा थेलेसीमिया बीमारी से पीड़ित बच्चे आदर्श राठौर जिसे हर 15 दिन में ब्लड की आवश्यकता होती है, के लिए रक्तदान किया गया। और संस्था के उपस्थित साथी सदस्यों से रक्तदान करने हेतु आग्रह किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्रदेश सचिव, यूएई में जनसेवक तल्हा आरिफ , प्रदेश सह सचिव मनोज सोलंकी, जिला भोपाल से मीडियाकर्मी देवेंद्र कुमार जैन एवम









सदस्य लकी सिंह नेगी उपस्थित रहे। रक्तप्रचारक लकी नेगी ने मध्यप्रदेश के सभी जिला प्रमुख से निवेदन करते हुए कहा कि वह अपने अपने जिलों में रक्तदान हेतु सभी पदाधिकारियों सदस्यों को प्रेरित करें और प्रतिमाह अपने जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन करें जिससे रक्त की कमी से होने वाली मृत्यु की दर को कम कर उसे शून्य तक पहुंचाया जा सके। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो इसके लिए आगे रहने वाला संगठन है ।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस 700 से ज्यादा लोगों की हुई स्वास्थ्य जाँच आयोजित हुआ विशेषज्ञ चिकित्सकीय उपचार शिविर

भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता, परामर्श एवं उपचार शिविर का आयोजन शनिवार को मुख्यमंत्री संजीवनी पॉलीक्लिनिक इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा में किया गया। शिविर में इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले कर्मचारियों, श्रमिकों के परिजनों एवं स्थानीय रहवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिया। स्वास्थ्य शिविर में गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा विशेष रूप से सहयोग दिया गया। शिविर में 719 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में उपचार सेवाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता के लिए परिवार कल्याण परामर्श सेवाएं , टीबी,मलेरिया, कुष्ठ, एचआईवी, स्वच्छता,पोषण आहार, एनीमिया से बचाव की जानकारी के लिए परामर्श सत्र भी आयोजित किए गए। शिविर में महिला रोग परामर्श, शिशु रोग परामर्श, त्वचा रोग, मानसिक रोग, बीसीजी टीकाकरण, जैपनीज इंसेफेलाइटिस टीकाकरण , फिजियोथैरेपी, आयुष उपचार, योग परामर्श, आभा आईडी क्रिएशन , परिवार कल्याण परामर्श सेवाएं दी गईं। स्वास्थ्य शिविर में स्त्री रोग, शिशु रोग, मानसिक रोग, त्वचा रोग उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया। महिलाओं की विभिन्न समस्याओं जैसे माहवारी में होने वाली परेशानी, बच्चेदानी का नीचे आना, निसंतानता, मेनोपॉज, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम इत्यादि का परामर्श एवं उपचार महिला रोग विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। महिलाओं एवं किशोर उम्र की बालिकाओं ने स्वास्थ्य परामर्श लिया। शिशु रोगों के लिए त्वचा रोगों के लिए एवं मानसिक रोगों के लिए लोगों को परामर्श और उपचार दिया गया। शिविर में आरंभ संस्था के सहयोग से मोबाइल आई हेल्थ यूनिट द्वारा 207 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए, जिनमें से 8 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हें सर्जरी के लिए रेफर किया गया है। मरीजों को निन्शुल्क चश्मे दिए गए । शिविर में लोगों को आभा आई डी बनाई गई है। उच्च रक्तचाप की जांच की गई जिसमें 22 मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर मिलने पर उपचार दिया गया। 211 लोगों की डायबिटीज की जांच में 16 नए मरीज पाए गए हैं। स्वास्थ्य शिविर में वयस्क बीसीजी टीकाकरण एवं जैपनीज इंसेफेलाइटिस टीकाकरण भी किया गया। इस दौरान 51 लोगों को बीसीजी एवं 8 बच्चों को जे ई टीका लगाया गया। शिविर में आयुष सेवाओं के अंतर्गत आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा एवं योग परामर्श सेवाएं भी दी गई, जिसमें 105 मरीजों ने उपचार लिया। 213 लोगों का दंत परीक्षण एवं 8 लोगों को फिजियोथेरेपी सेवा दी गई। 285 पैथोलॉजी टेस्ट भी किए गए। शिविर में ब्लड डोनेशन वेन के माध्यम से रक्तदान भी करवाया गया।




# लाइंस क्लब स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई





**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

विधानसभा क्षेत्र -152 भोपाल दक्षिण पश्चिम में सोमवार को लाइंस क्लब स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई तथा कलाकारों द्वारा गायन के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। लायंस सीनियर सिटीजन होम चुना भट्टी भोपाल में सोमवार को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से सीनियर सिटीजन के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम भोपाल अर्चना शर्मा अपनी टीम के साथ आई तथा सीनियर सिटीजन के साथ - साथ सभी उपस्थितजनों को अपने वोट का महत्व समझाया। तथा सभी को 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया और मंडली द्वारा भजन और लोक गायन द्वारा अधिकतम मतदान का आव्हान किया । इस अवसर पर लायंस क्लब के सदस्य एवं अन्य रहवासी उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**शहडोल 11 अप्रैल 2024-** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरुण भटनागर ने आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों हेतु बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ईवीएम मशीनों के रख-रखाव, मतदान कर्मियों से ईवीएम मशीनों को बंद,चालू करने व निर्वाचन से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।



# मो. तालिब को कलेक्टर ने किया जिला बदर

शहडोल 11 अप्रैल 2024- कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री तरुण भटनागर ने म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.1, धारा-5 की कंडिका (क) एवं (ख) तथा सहपठित धारा 7 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों के तहत मोहम्मद तालिब पिता रमजान उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 कच्छी मोहल्ला धनपुरी, थाना धनपुरी, जिला शहडोल (म.प्र.) को लगातार अपराधिक गतिविधियों में संलग्न होने पर जिला शहडोल म.प्र की चतुर्दिक राजस्व सीमा तथा सीमा में लगे हुए म.प्र. राज्य के जिलों सीधी, मैहर, उमरिया, एवं अनूपपुर चतुर्दिक राजस्व की सीमाओं से 03 माह की कालावधि के लिये निष्कासित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आदेश का उल्लंघन करते पाये जाने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# नगर परिषद देवरी में 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती का विशाल कार्यक्रम।

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**



**देवरी।** विश्व भर में भारत रत्न, संविधान निर्माता, वंचितों के मसीहा की जयंती का आयोजन 14 अप्रैल को किया जाता है। जयंती का आयोजन विश्व भर के कोने-कोने डीजे बाजे और रैलियों के साथ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। ऐसा ही आयोजन नगर परिषद देवरी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती उपलक्ष में अहिरवार समाज संघ द्वारा किया जा रहा ।

इस आयोजन को करने का मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार से है

1. भारतीय संविधान एवं लोकतंत्र को कैसे बचाएं ?
2. अन्य अत्याचार सामंतवादी व्यवस्था को कैसे रोका जाए?
3. सामाजिक कुरीतियों पर प्रतिबंध कैसे लगाया जाए?

इस प्रकार की मुख्य सीमा को ध्यान में रखकर नगर में अंबेडकर जयंती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अहिरवार समाज संगठन समस्त वर्ग को उपस्थित होने के लिए निवेदन किया है। साथ ही इस कार्यक्रम को करने में सामाजिक बंधुओ से आग्रह किया है कि इस महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो जिसका विवरण कुछ इस प्रकार है। दोपहर 12:00 से 2:00 तक चल समारोह डीजे बजे के साथ नगर निर्माण ।

दोपहर 2:00 से अहिरवार समाज संघ की सामाजिक बैठक।

दोपहर 3:00 से 6:00 तक मंच कार्यक्रम।

# शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में आज दिनांक 6 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, महाविद्यालय में यह कार्यक्रम वर्ष 2024 की विश्व स्वास्थ्य संगठन (2द्धश्) द्वारा निर्धारित थीम ÷मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार÷ पर व्याख्याता के आधार पर आयोजित रहा। इस कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अन्नु बड़कुड़ द्वारा इस दिवस पर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं छात्र-छात्राओं को स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सजगता के संबंध में उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के संयोजक श्री सत्येंद्र आठिया द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्माण एवं इसके कार्य विस्तार के संदर्भ में संबंधित विचार साझा किए। कार्यक्रम के सह संयोजक श्री पंकज आर्य द्वारा मानव शरीर को कैसे स्वस्थ रखा जाए योग व शारीरिक व्यायाम से कैसे स्वयं को तंदुरुस्त रखा जाए पर विचार प्रदान किए। श्री प्रतीक लोधी डॉ. पार्वती व्याघ्रे,श्याम सुंदर प्रजापति, काशीराम चौधरी, संदीप भरके द्वारा इस दिवस पर अपने-अपने अनुभव छात्र-छात्राओं के मध्य प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम के मंच का संचालक श्री ओपी वर्मा द्वारा किया गया। महाविद्यालय के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



## आज मेरे जन्म दिवस पर संपूर्ण मानव जाति को संदेश प्रेषित कर रहा हूं। कि पर्यावरण बचाना है।

### छंद



फैल रहा प्रदूषण धरा पर चहु ओर अब
प्रकृति बचाने का जतन बतलाओ जी।

गांव और शहरों में प्रकोप है प्रदूषण का
जीना दुश्वार हुआ आप बतलाओ जी।
जल भी जमीन से नीचे ओर जाने लगा
बूंद बूंद पानी सब मिलकर बचाओ जी।
धरती को सुंदर और हरी भरी देखना है तो
सारे देश वासी मिलकर पेड़ लगवाओ जी।

धरती पर पेड़ लगे,बसुधा हो हरी भरी
वसुंधरा में हर तरफ़ हरी हरियाली हो।
प्राणों को बचाने हेतु शुद्ध प्राणवायु मिले
बरसेंगे मेघ, ऋतु बर्षा सुखदाई हो।
सरिता भी भरी रहे जल से सरावोर
प्यासा न जीव रहे नहीं कठिनाई हो।
मिलकर लगाओ पेड़ अपने खेतों की मेढ़
धरती के सम्मान में पेड़ पौधे ही दिखाई हों।

**कविराज- गोपीलाल अहिरवार**


# अहिरवार समाज संघ ने पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए तहसीलदार को कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

देवरी। तहसील देवरी के ग्राम साईखेड़ा में 03/04/2024 को ग्राम के दबंग समाज के द्वारा अहिरवार समाज के व्यक्तियों पर षडयंत्र पूर्वक मंदिर पर बुलाकर मारपीट कर जातिगत शब्दों से अपमानित किया गालियां दी एवं मकान में घुसकर खाने-पीने और मकान को हानि पहुंचाई गई। प्रशासन के द्वारा दबंग समाज के उपरोक्त व्यक्तियों पर कोई कार्रवाई नहीं करते हुए दलित अहिरवार समाज के पांच व्यक्तियों पर झूठा प्रकरण कायम कर तीन व्यक्तियों को जेल में डाल दिया गया तथा गांव में अभी भी उपरोक्त दहशत का माहौल बनाए हुए हैं, गांव की फिजा बिगाड़ रहे हैं दलित समाज के लोगों को उपरोक्त लोग जान से मारने, घर में आग लगाने और गांव से भागने की धमकी दे रहे हैं तथा उपरोक्त लोगों के भय



से अहिरवार दलित समाज के लोगों पर कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई और डरे सहमे है। ज्ञापन देते हुए अहिरवार समाज संघ के लोगों ने 24 घंटे के अंदर उचित कार्रवाई की मांग



करते हुए निर्दोष व्यक्तियों को छुड़ाने के लिए मांग की।

# शहडोल संभाग के सभी मतदान केंद्रो में 14 अप्रैल को मनाया जाएगा 100% मतदान -मेरा अधिकार पर्व

- मतदान केंद्रो को रंगोली, गुब्बारे से सजाने कमिश्नर ने दिए निर्देश
- 100% मतदान -मेरा अधिकार पर्व में दिव्यांग, महिलाएं, वरिष्ठ मतदाता होंगे शामिल

**शहडोल 11 अप्रैल 2024**- कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने शहडोल संभाग के समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 14 अप्रैल को शाम 5 से 7 बजे तक शहडोल संभाग के मतदान केंद्रो में 100त्न मतदान -मेरा अधिकार पर्व का आयोजन किया जाए तथा इसे एक उत्सव का रूप दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मतदान केंद्रो को गुब्बारे, रंगो ी, पोस्टर बैनर आदि के माध्यम से सजाएं जाए तथा 100त्न मतदान -मेरा अधिकार पर्व के अवसर पर दिव्यांग, वरिष्ठ जन,महिलाएं, वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे तथा मतदान केंद्रो में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा सकते हैं। कमिश्नर शहडोल संभाग ने निर्देश दिए की 100त्न मतदान हेतु निबंध, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभागियों को सम्मानित करें।

उन्होंने निर्देश दिए की मतदाता मतदान केंद्रो में एकत्रित होकर मतदाता जागरूकता रैली निकालेंगे। उन्होंने कहा कि एक परिसर में एक से अधिक मतदान केंद्र हो तो संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है, नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका इस कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए हैं की बी एल ओ 100त्न मतदान-मेरा अधिकार पर्व के फोटो शेयर करे व एसडीएम कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगे। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने शहडोल संभाग के कलेक्टरों को निर्देश दिए की बेहतर कार्य करने पर बी. एल. ओ. को जिला तथा संभाग स्तर पर सम्मानित किया जाए। 100त्न मतदान मेरा अधिकार पर्व कार्यक्रम के संयोजक बी एल ओ रहेंगे तथा सचिव, जी आर एस,अंगनवाडी कार्यकर्ता एवं आशा आयोजन के सह संयोजक होंगे, शिक्षक तथा ग्राम के अन्य कर्मचारी कार्यक्रम के सहयोगी होंगे।

## शनिचरा रोड बंद नहीं, तीन बार तोड़े बैरिकेड, कलेक्टर को लिखा

ग्वालियर। नए एयर टर्मिनल के बनने के बाद टर्मिनल की ओर से जिस शनिचरा रोड को बंद किया जाना था, वह बंद नहीं हो पाई है। एयर टर्मिनल के आपरेशनल होने के बाद तीन बार इस मार्ग को बंद किया गया था, लेकिन स्थानीय यात्रियों ने बैरिकेड तोड़ दिए और पत्थर तक हटा दिए। एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से तीन बार किए गए प्रयासों को फेल कर दिया गया। यही कारण है कि अब एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया ने कलेक्टर रुचिका चौहान को पत्र लिखकर मार्ग को बंद किए जाने की मांग की है जिससे एयरपोर्ट के यात्रियों को सुरक्षित मार्ग दिया जा सके। इस मार्ग को बंद करने का निर्णय पूर्व से ही हो चुका था और पीडब्ल्यूडी ने इस रोड को तैयार किया है। बता दें कि नए टर्मिनल के तैयार होने के दौरान जब यह पूरा बनकर सामने आया तब एयरपोर्ट की रोड को चौड़ा किया गया।

## ससुराल में 2 साल से फरारी काट रहा था स्थाई वारंटी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

बालाघाट। हट्टा पुलिस ने दो साल से फरार स्थाई वारंटी को ग्राम मुरवाही उसके ससुराल में गरफ्तार किया है। गिरफ्तार स्थाई वारंटी तेजलाल पिता भजनलाल सहारे उम्र 32 वर्ष ग्राम सहारा बूढ़ी हट्टा निवासी है जिसे जेल भिजवा दिया गया है। मामले के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपित तेजलाल सहारे के विरुद्ध 2022 में मारपीट के मामले में धारा 294, 323, 506 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

# भोपाल में थोक एवं फुटकर व्यापारियों के लिए स्वर्णिम अवसर

## • लोधी ग्रुप ने डेवलप किया भव्य एवं आधुनिक सुपर बाज़ार।।

भोपाल। भोपाल के बीचों बीच करोंद कृषि मंडी के ठीक सामने ही अस्सी फिट रोड के किनारे पर ही विशाल भव्यता लिए आधुनिक तकनीकी से लैस निवेशकों के लिए रैरा से अप्रूव्ड मदन महाराज कस्तूरी ट्रेड सेंटर (सुपर मार्केट) तैयार किया जा रहा है। जिसमें लगभग सवा तीन सो दुकानें हैं और कमर्शियल प्लाट भी हैं। मदन महाराज कस्तूरी ट्रेड सेंटर के एक्जीक्यूटिव



अतर सिंह (मो. 8109583277) ने चर्चा के दौरान युवा प्रदेश को बताया कि दिनांक 13 से 14 अप्रैल 2024 को नव रात्रि के शुभ मुहूर्त में कमर्शियल प्रॉपर्टी फेयर सु - नियोजित है जिसमें हजारों लोगों को आमंत्रित किया गया है। भोपाल में पहली बार इतना अच्छा और बड़ा कमर्शियल प्रोजेक्ट आया कि जिससे हजारों लोगों को व्यवसायिक माहौल मिलेगा। श्री सिंह ने आगे बताया कि कस्तूरी ट्रेड सेंटर के आसपास लगभग साढ़े तीन लाख निवासरत परिवार लाभ उठा सकेंगे। हरेक दुकानें उच्च गुणवत्ता वाले मैटेरियल से



तैयार की जा रही हैं। इस द्वि- मंझला सुपर मार्केट में आर ओ का शुद्ध पेय जल, प्रदूषण मुक्त बढ़िया कारोबारी माहौल, चार स्वचालित लिफ्ट, दो एस्केलेटर सीढ़ी, बच्चों को खेलने का मैदान, मंदिर, सुंदर गार्डन, अग्नि शमन उपकरण और पांच सौ से अधिक गाड़ियों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है साथ ही पावर बैक अप है। उक्त मार्केट में रूफ टॉप पर फूड जॉन और स्विमिंग पूल की सुविधा उपलब्ध रहेगी। स्मरण रहे कि कमर्शियल प्रॉपर्टी फेयर में दुकान बुक करने पर विशेष डिस्काउंट ऑफर दिया जाएगा जिसमें कि पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर लाभ लिया जा सकता है।

### अंतिम युद्ध ??



अत्याचार से मुक्ति
की राह,
क्या हम सबमें है
ऐसी चाह,
अन्यायो को सहने की
हमने आदत बना ली है
खुनी दरिंदों को सदियों से
अपने लहु की गंध सुंघा
दी है, भविष्य की अपनी हमने
नही की परवाह
अत्याचार से मुक्ति
की राह
क्या हम सबमें है
ऐसी चाह
देश के सभी शोषित
जमात
उत्पीड़न का विरोध
एक साथ
क्यो नही करते ?
मरते हैं बारी- बारी
उत्पीडक को मारने
का प्रयास
क्यो नही करते ?
अन्याय करने वाले
से ज्यादा बुरा
अन्याय सहने वाले
होते हैं,
अत्याचार को मिटाने का
प्रयास
क्यो नही करते ?
अत्याचार सह कर
मरने से अच्छा है
अन्यायी को मारकर
कर लो गुनाह
अत्याचार से मुक्ति
की राह
क्या हम सबमें है
ऐसी चाह,
जिस दिन शोषण करने
वाले
दिन दहाड़े मारे जायेंगे
उस दिन से ही
अत्याचार पर लगाम
लग जायेंगे
अन्याय करने वाले
थर- थर थर्रायेंगे
क्रांति हर घर से
पैदा होगी,
यही है विचार क्रांति
की सलाह
अत्याचार से मुक्ति
की राह
क्या हम सबमें है
ऐसी चाह ?
एक पीढ़ी के मिट
जाने से
भावी पीढ़ी गर
राज करें
तब तों साथी
कल करें सो आज करें
शोषणकर्ताओ पर
खुलकर वार करें
हम कुर्बान हो जाये
यह हमें मंजूर है
हमारी गलतियों के कारण
ही दिल्ली दुर है
सामंती हमें अहिंसा का
पाठ पढाते है
हिंसा हम पर ही आजमाते
हैं देश के वंचित समाज
हिंसा से घबराते हैं
15त्न को मिटाने
30त्न भी अगर लगाते हैं
तब भी बहुजन
55त्न बच जाते हैं
तिल- तिल मरने
से अच्छा है
एक बार ही मर जाये
भावी पीढ़ी को क्यो ना
संपुर्ण आजादी दे जायें
एक अंतिम युद्ध हों
एक अंतिम युद्ध हों,,

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**

# पेशा मोबीलाइजर के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को कर रहें जागरूक





**कैलाश कुमार - सह सम्पादक**

शहडोल/कुदरी - देश में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव आयोग के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी प्रकार के जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं. इसी कड़ी में शहडोल जिले के जयसिंहनगर जनपत पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अशोक सिंह मरावी जी एवं जनपद पंचायत जयसिंहनगर (पेशा ब्लॉक समन्वयक) श्री शारदा मौर्य जी के मार्ग दर्शन पर ग्राम पंचायत कुदरी के पेशा मोबीलाइजर प्रदीप कुमार त्रिपाठी के द्वारा ग्राम पंचायत कुदरी के दिव्यांग, वृद्ध, महिलाओं व वरिष्ठ मतदाताओं को घर-घर जाकर लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए हल्दी रंगित पीला चावल देकर शत प्रतिशत मदतान के लिए प्रेरित किया जा रहा है. ग्राम पंचायत कुदरी के पेशा मोबीलाइजर के द्वारा इस लोकतंत्र के महापर्व में पूरी सक्रियता के साथ अपना योगदान दिया जा रहा है।

## फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, एक व्यक्ति की मौत,दो गंभीर

हनोई,एजेंसी। वियतनाम के उत्तरी प्रांत बाक निन्ह में एक पेपर फैक्ट्री में मंगलवार को हुए भीषण विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

वियतनाम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी।

विस्फोट सुबह करीब 10:30 बजे फु लाम औद्योगिक क्षेत्र स्थित हंग लोई पेपर ज्वाइंट स्टॉक कंपनी में तब हुआ जब कर्मचारी मशीनों की मरम्मत कर रहे थे।

इस हादसे में एक कर्मचारी (31) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

इस देश में 2023 के पहले तीन महीनों में 1,179 आग और विस्फोट की घटनाएं दर्ज की गयी थीं, जिनमें 24 लोग मारे गये और 18 अन्य घायल हो गये।

# पाकिस्तान में खुफिया आधारित अभियान में दो आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद,एजेंसी

पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक खुफिया आधारित अभियान के दौरान दो आतंकवादी मारे गए है।

सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, सुरक्षा बलों ने प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में अभियान चलाया।



आईएसपीआर ने कहा, ्रअभियान के दौरान, भारी गोलीबारी के बाद, दो आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया।ॅ उन्होंने कहा कि मारे गए आतंकवादी क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।


आईएसपीआर के बयान में कहा गया है कि अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए।

बयान में कहा गया है कि क्षेत्र से अन्य आतंकवादियों की मौजूदगी को खत्म करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

सेना ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बल दक्षिण एशियाई देश से आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जाम्बिया में विषाक्त खाना खाने से बिगड़ी 80 लोगों की तबीयत





लुसाका,एजेंसी

अफ्रीका के दक्षिणी भाग में स्थित देश जाम्बिया में कॉपरबेल्ट प्रांत के चिलीलाबोम्बे कस्बे में एक फास्ट फूड आउटलेट से संदिग्ध विषाक्त खाना खाने से लगभग 80 लोगों की तबीयत बिगड़ गयी ,जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

कॉपरबेल्ट प्रांत के पुलिस आयुक्त पीसवेल म्वेम्बा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह घटना सात अप्रैल को तब हुई, जब कई लोगों ने एक फास्ट फूड आउटलेट से शवार्मा (चिकन रैप) खरीदकर खाया। उसी दौरान, करीब 80 लोगों ने पेट दर्द और उल्टी की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

पुलिस ने अस्पतालों का दौरा किया और उन्होंने ग्रेस क्लिनिक में 10 मरीज, लुबेंजेले क्लिनिक में तीन मरीज और कोंकोला माइन अस्पताल में 14 मरीज भर्ती होने की जानकारी दी। भर्ती हुए मरीजों की कुल संख्या 80 हो गयी। मरीजों की हालत स्थिर है और घटना की जांच के लिये रेस्टोरेंट के मालिक को हिरासत में लिया गया है।

# चौबीस घंटे में यूक्रेन के 480 से अधिक सैनिक मारे गये : रूस

मॉस्को, एजेंसी



रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन के पिछले 24 घंटों में 480 से अधिक सैनिक मारे गये हैं।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह दावा किया।

रूस और यूक्रेन के बीच 25 महीने से अधिक समय से सशस्त्र संघर्ष चल रहा हैं।

मंत्रालय ने दावा किया कि रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेन के क्षेत्र अवदीवका की तरफ 11 जवाबी हमले किये हैं और डोनेट्स्क की दिशा में चार जवाबी हमले किये हैं।

मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों के 480 से अधिक सैन्य कर्मी मारे गये हैं और सात वाहनों, एक पोलैंड-निर्मित 155-मिलीमीटर क्रैब स्व-चालित तोपखाने माउंट, एक यूके-निर्मित 105-मिलीमीटर L119 बंदूक, एक 152-मिलीमीटर मस्टा-बी होवित्जर, एक 122-मिलीमीटर ,ग्वोज्डिका स्व-चालित तोप, एक 122-मिलीमीटर डी-30 होवित्जर और 100-मिलीमीटर रैपियर एंटी-टैंक बंदूक नष्ट हुये हैं।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन ने अवदीवका की तरफ में 240 सैनिक और दक्षिण डोनेट्स्क में 110 सैनिक मारे गये हैं।

# रूस की अदालत ने गूगल पर 4.6 अरब रूबल के जुर्माने को मंजूरी दी

मॉस्को,एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को की एक अदालत ने यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान के बारे में गलत जानकारी फैलाने, चरमपंथ और एलजीबीटी सामग्री वाले यूट्यूब वीडियो को हटाने से इनकार करने पर गूगल पर 4.6 अरब रूबल ( 4.9 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाने को बुधवार को मंजूरी दे दी। अदालत के प्रवक्ता ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने कहा, "मॉस्को सिटी कोर्ट के अपीलीय प्राधिकरण ने 20 दिसंबर, 2023 के मॉस्को के टैगान्स्की जिला न्यायालय के फैसले के खिलाफ एक गूगल प्रतिनिधि की शिकायत को खारिज कर दिया, जिसमें गूगल को प्रशासनिक संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 5 के तहत प्रशासनिक अपराध करने का दोषी पाया गया था।"

## इजरायल अन्य तुर्की वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाएगा

तेल अवीव,एजेंसी। तुर्की द्वारा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने के जवाब में इजरायल कई अन्य तुर्की आयातित वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने के लिये एक सूची तैयार करेगा और अमेरिका से अंकारा पर प्रतिबंध लगाने के लिए कहेगा। इजरायल विदेश मंत्री ने मंगलवार को बताया कि इससे पहले दिन, तुर्की ने गाजा पट्टी में इजरायल को मोटर तेल और हवाई ईंधन के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा,"विदेश मंत्री इज़रायल काट्ज ने मंगलवार को विदेश मंत्रालय के आर्थिक विभाग को उन उत्पादों की एक विस्तृत सूची तैयार करने का निर्देश दिया, जिन्हें तुर्की इजरायल को निर्यात नहीं कर पाएगा।"

## हांगकांग के जिम में आग लगने से पांच लोगों की मौत




हांगकांग, एजेंसी। चीन में हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र (एचकेएसएआर) के याउ मा तेई में एक आवासीय इमारत में बुधवार सुबह आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी।स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक याउ मा तेई पर जॉर्डन रोड पर आवासीय इमारत में स्थित जिम में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 08.00 बजे आग लग गयी। घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन कर्मियों ने दमकलों के जरिए आग पर काबू पा लिया तथा एरियल सीढ़ी का उपयोग कर फंसे हुए लोगों को बचाया।

पहल | श्रीलंका के साथ मिलकर बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के तहत एक प्रयोगशाला स्थापित करने पर बातचीत

# चीन, श्रीलंका के सहयोग से बेल्ट एंड रोड संयुक्त प्रयोगशाला करेगा स्थापित

बीजिंग,एजेंसी



चीन की एक शोधकर्ता टीम ने हाल ही में श्रीलंका की यात्रा की है और इस यात्रा के दौरान श्रीलंका के साथ मिलकर बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव के तहत एक प्रयोगशाला स्थापित करने पर बातचीत भी हुई है।

गुइझोउ यूनीवर्सिटी ने बताया कि श्रीलंका चाय की खेती के साथ पारंपरिक कृषि पद्धतियों के लिये जाना जाता है। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य चीन के सहयोग से प्रयोगशाला का निर्माण करके हरित रोकथाम एवं नियंत्रण प्रौद्योगिकियों को लोकप्रिय बनाना और लागू करना है।

प्रयोगशाला तीन प्रमुख क्षेत्रों में शोध पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसमें बड़े डेटा के आधार पर सही और प्रभावी तरीके से कीटनाशक के इस्तेमाल में कटौती, चाय बागानों में कीटों और खरपतवार के संक्रमण के लिए जैविक नियंत्रित प्रौद्योगिकी तथा चाय कीटनाशक अवशेषों के उद्देश्य से जोखिम निगरानी और नियंत्रण प्रौद्योगिकी शामिल है। इन प्रयासों के माध्यम से, प्रयोगशाला का लक्ष्य चाय की खेती में हरित रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक कुशल, पर्यावरण के अनुकूल, सुरक्षित तथा नियंत्रणीय सिस्टम स्थापित करना है।

यह प्रयोगशाला गुइझोउ विश्वविद्यालय, पेराडेनिया विश्वविद्यालय, सेंट्रल चाइना नॉर्मल यूनिवर्सिटी और श्रीलंका टी रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से स्थापित की जायेगी। इस प्रयोगशाला स्थापित करने का उद्देश्य, कृषि स्थिरता को बढ़ावा देना और पारिस्थितिकी तंत्र तथा मानव स्वास्थ्य की रक्षा करना है।

# पूर्व प्रधानमंत्री गिलानी पाक सीनेट के अध्यक्ष चुने गए

इस्लामाबाद,एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी को मंगलवार को देश की सीनेट अथवा संसद के ऊपरी सदन का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। चुनाव के पीठासीन अधिकारी सीनेटर इशाक डार ने इसकी घोषणा की।डार ने घोषणा की कि किसी अन्य के चुनावी मैदान में न उतरने या फिर नामांकन पत्र दाखिल नहीं किये जाने की वजह से गिलानी को निर्विरोध चुना गया। वहीं पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सैदल खान नासिर को उपसभापति चुना गया है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सांसद गिलानी ने 2008 से 2012 तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा की। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस महीने की शुरुआत में मंगलवार को नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण और सीनेट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए सदन का उद्घाटन सत्र आहूत किया था। दो अप्रैल के चुनाव के बाद आज सीनेट का पहला सत्र था। पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित करने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सीनेटरों ने चुनाव का विरोध करते हुए कहा कि सदन अध्यक्ष का चुनाव करने में सक्षम नहीं है।अध्यक्ष पद की शपथ लेने के बाद गिलानी ने कहा कि सीनेटर महासंघ की एकता का प्रतिनिधित्व करते हैं और सीनेट देश की विविधता और ताकत का प्रतिनिधित्व करती है।

# मैच के दौरान दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने खोया आपा

**हालात**

- **विरोधी खिलाड़ी को मारी कोहनी, रेफरी को दिखाया पंच**

नई दिल्ली राष्ट्र सर्वोपरि

रोनाल्डो की टीम अल नासर की स्थिति अल हिलाल के खिलाफ अच्छी नहीं थी। टीम को इस मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल नासर के लिए सादियो माने ने एकमात्र गोल किया।

दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक बड़ी मुसीबत में फंसते नजर आ रहे हैं। रोनाल्डो सऊदी सुपर कप के मुकाबले में अल हिलाल के खिलाफ अपनी टीम अल नासर की हार के दौरान अपना आपा खो बैठे। उन्होंने ना सिर्फ विरोधी टीम के खिलाड़ी को कोहनी मारी, बल्कि मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश भी की। उनकी इस हरकत के कारण उन पर प्रतिबंध भी लग सकता है।

**रोनाल्डो को मिला रेड कार्ड**

रोनाल्डो की टीम अल नासर की स्थिति अल हिलाल के खिलाफ अच्छी नहीं थी। टीम को इस मुकाबले में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। अल नासर के लिए सादियो माने ने एकमात्र गोल किया। रोनाल्डो इससे काफी निराश थे और मैच के दौरान उन्होंने गुस्से में विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मार



दी। उनकी इस हरकत के लिए मैच रेफरी ने तुरंत रोनाल्डो को रेड कार्ड दिखाया। यह पहली बार था जब रोनाल्डो को सऊदी अरब में रेड कार्ड मिला। रोनाल्डो खुद को रेड कार्ड मिलने से नाराज हुए और उन्हें मैच रेफरी को पंच मारने की कोशिश, लेकिन हाथ पीछे खींच लिया।

**क्यों हुआ विवाद?**

मैच के अंतिम क्षणों में जब अल नासर की टीम बराबरी करने की कोशिश में लगी हुई थी, लेकिन टीम को इसमें सफलता नहीं मिल पा रही थी। मैच के 86वें मिनट में रोनाल्डो ने अल हिलाल के डिफेंडर अली अल बुलाही को कोहनी मार दी जिससे विवाद बढ़ गया। रोनाल्डो की इस हरकत पर अल हिलाल के खिलाड़ियों ने रेफरी से कार्रवाई करने की अपील की। 39 साल का यह दिग्गज खिलाड़ी रेफरी का मजाक उड़ाते भी नजर आया। माना जा रहा है कि इसके लिए रोनाल्डो पर कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

**सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो ने किए हैं सर्वाधिक गोल**

रीयल मैड्रिड और मैनचेस्टर युनाइटेड के लिए खेल चुके रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस लीग में 29 गोल किए हैं। अल हिलाल के एलेक्सांद्र मित्रोविच रोनाल्डो से सात गोल पीछे हैं।

**अल नासर के अहम खिलाड़ी हैं रोनाल्डो:** रोनाल्डो अपनी टीम अल नासर के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। वह अब तक टीम के लिए 37 मैचों में 36 गोल कर चुके हैं और 12 बार गोल करने में सहायता की है। यह रोनाल्डो के करियर में 12वीं बार था जब उन्हें मैच में रेड कार्ड मिला है।

## IPL 2024: पर्पल कैप की रेस में अर्शदीप सिंह की लंबी छलांग

नई दिल्ली । IPL 2024: आईपीएल के 17वें सीजन में 23वें मुकाबले के खत्म होने के बाद पर्पल कैप की रेस में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जिसमें पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट हासिल करने के साथ अपनी जगह टॉप-5 में बना ली है इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में अब तक 23 मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में जहां विराट कोहली पहले स्थान पर हैं तो वहीं सबसे ज्यादा विकेट हासिल करने के मामले में मुस्तफिजुर रहमान पहले स्थान पर काबिज हैं। वहीं इसके अलावा दोनों ही लिस्ट में थोड़ा बदलाव पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए मुकाबले के बाद देखने को मिला है। इस मैच में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 4 विकेट हासिल करने के साथ टॉप-5 में अपनी जगह बना ली।

**उम्मींद** — **टीमों की हो जाएगी बल्ले-बल्ले, बीसीसीआई ने अहमदाबाद में एक बड़ी बैठक बुलाई है**

# IPL ऑक्शन में इतने खिलाड़ी हो सकेंगे रिटेन!

नई दिल्ली राष्ट्र सर्वोपरि

IPL: आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन होना है। इसलिए टीमों की क्या राय है, इसे जानने के लिए बीसीसीआई ने अहमदाबाद में एक बड़ी बैठक बुलाई है, इसमें फैसला लिया जा सकता है।

अभी तो इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन खेला जा रहा है, जो अब लगभग आधे की ओर जा रहा है। इस बीच बीसीसीआई ने अगले साल के आईपीएल के लिए भी कुछ अहम फैसले लेने की तैयारी कर ली है। खास बात ये है कि इस साल दिसंबर के आसपास आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन होगा। उसके लिए टीमों की क्या राय बनती है, इसको लेकर बीसीसीआई ने सभी 10 टीमों के मालिकों की एक बैठक बुलाई है। इसमें कुछ खास फैसले लिए जा सकते है। खास बात ये है



कि अभी तक जो खबरें निकल कर आई हैं, उससे पता चलता है कि अब मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

**अगले साल के आईपीएल पहले होगी बड़ी नीलामी**

आईपीएल में हर तीन साल बाद मेगा ऑक्शन होता है। अभी तक के नियमों के अनुसार टीमें अधिक से अधिक केवल 4 ही खिलाड़ी रिटेन कर सकती हैं, बाकी को उन्हें छोड़ना होता है। इसमें भी विदेशी खिलाड़ी केवल दो ही रह सकते हैं। जो खिलाड़ी रिलीज कर दिए जाते हैं, वे फिर से ऑक्शन में आते हैं और उन्हें टीमें खरीदती हैं। इस बीच टाइम्स ऑफ इंडिया के हवाले से खबर सामने आई है कि अगले साल के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन से पहले टीमें चाहती हैं कि उन्हें 4 से ज्यादा खिलाड़ियों को रिटेन करने की परमीशन दी जाए। हो सकता है इनकी संख्या 8 तक जा पहुंचे।

**अहमदाबाद में होनी है टीम मालिकों की बैठक**

बीसीसीआई और आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों की बैठक अगले सप्ताह अहमदाबाद में होनी है। इससे पहले सूत्रों के हवाले से पता चला है कि ज्यादातर टीमें चाहती हैं कि अब तक जो वे 4 खिलाड़ी रिटेन कर सकती थीं, उनकी संख्या में बढ़ोत्तरी होनी चाहिए। बताया जाता है कि टीमें चाहती हैं कि वे एक कोर टीम लेकर लगातार आईपीएल में उतरें। तीन साल तक जिस खिलाड़ी वो तैयार करती हैं, जब वो अच्छा खेलना शुरू करता है तो उसे मजबूरन छोड़ना पड़ता है, इससे टीमों का संयोजन गड़बड़ा जाता है। इतना ही नहीं, टीमों का पर्स अभी खिलाड़ी खरीदने के लिए 90 करोड़ का है, जिसे टीमें 100 करोड़ कराना चाहती हैं।

**सभी टीमें इसके लिए तैयार भी नहीं, इसलिए होगी बैठक**

आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों का मानना है कि टीमों का कोर लगातार बदलता और टूटता रहता है, इससे दिक्कत आती है। हालांकि इस सुझाव पर कुछ आपत्तियां भी हैं, क्यों कि जो टीमें अपनी कोर टीम नहीं बना पाई हैं, वो बड़े खिलाड़ियों को नीलामी के दौरान खरीदना भी चाहती हैं। अगर हर टीम को 8 खिलाड़ी रिटेन करने का मौका मिला जाएगा तो बड़े बड़े करीब 80 खिलाड़ी रिटेन कर लिए जाएंगे और वे ऑक्शन में आएंगे ही नहीं। यानी खरीदे जाने वाले बड़े खिलाड़ियों की संख्या अपने आप कम हो जाएगी। यही कारण है कि बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी मालिकों से मिलकर इस पर कुछ आसान रास्ता निकालने की कोशिश करेगा। मीटिंग का दिन पहले ही तय कर दिया गया था, जो 16 तारीख है।

**युगल में बोपन्ना के नाम है कीर्तिमान**

# फेडरर को पीछे छोड़ जोकोविच दुनिया के सबसे उम्रदराज नंबर-एक बने

फ्रांस, एजेंसी

जोकोविच कहते हैं कि वह आशा करते हैं कि जल्द ही हम दोनों भारत में कुछ करेंगे। हम वहां खेलेंगे। वह लंबे समय से भारत नहीं गए हैं। यह काफी बड़ा और शानदार देश है।

नोवाक जोकोविच ने एक और असाधारण उपलब्धि हासिल कर ली है। उन्होंने रोजर फेडरर को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे उम्रदराज विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल कर लिया है। 36 वर्षीय जोकोविच अगले माह 37 वर्ष के होने वाले हैं और उन्होंने जून, 2018 में सबसे ज्यादा उम्र में नंबर एक बनने वाले फेडरर को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं मोंटे कार्लो में इस वक्त दो खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा चर्चा है और ये जोकोविच, रोहन बोपन्ना




हैं। टेनिस के पुरुष एकल और युगल में वर्तमान में नंबर एक पदवी सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों के नाम पर है। जोकोविच एकल में तो 44 वर्षीय बोपन्ना युगल में नंबर एक हैं।

**रिकॉर्ड 420वें सप्ताह नंबर एक बने नोवाक**

इस सोमवार को जोकोविच नंबर एक की पदवी पर 420वें सप्ताह में पहुंच गए। यह भी एक रिकॉर्ड है, जिसे वह पहले तोड़ चुके हैं। फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक रहे थे। जोकोविच ओपन दौर में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं। फेडरर ने पीट सेंप्रास के 14 ग्रैंड स्लैम का रिकॉर्ड तोड़ा था। राफेल नडाल ने फेडरर के 20 ग्रैंड स्लैम का रिकॉर्ड तोड़ा और जोकोविच ने नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा है। जोकोविच मोंटे कार्लो में अपने नियमित कोच रहे गोरान इवानिसेविच के बिना पहली बार टेनिस कोर्ट पर उतरेंगे। महिलाओं में पोलैंड की इगा स्वियातेक नंबर एक की पदवी पर बरकरार हैं।

> **जोकोविच ओपन दौर में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी हैं, बोपन्ना ने कहा कि अनुभव जीतता है**

**मैं और रोहन ओल्ड हैं पर गोल्ड हैं : जोकोविच**

एटीपी पर वीडियो पोस्ट में बोपन्ना ने कहा कि अनुभव काफी मायने रखता है, लेकिन जोकोविच का मानना है कि सफलता का सबसे बड़ा मंत्र समर्पण है। बोपन्ना ने कहा कि अनुभव जीतता है और यह यहीं से उन्हें मिला है। जोकोविच ने कहा कि अनुभव के साथ समर्पण और निष्ठा भी मायने रखती है। उन्होंने बोपन्ना को घंटों जिम में फीजियो के साथ समय बिताते हुए देखा है। इतने वर्षों तक एटीपी टूर को आपके साथ साझा करना शानदार है। जोकोविच कहते हैं कि एकल और युगल दोनों में सबसे उम्रदराज विश्व नंबर एक होना अद्भुत है। यह सर्बिया और भारतीय टेनिस दोनों के लिए अच्छा है।

जोकोविच कहते हैं कि वह आशा करते हैं कि जल्द ही हम दोनों भारत में कुछ करेंगे। हम वहां खेलेंगे। वह लंबे समय से भारत नहीं गए हैं। यह काफी बड़ा और शानदार देश है। टेनिस की भारत में अपार लोकप्रियता है और बोपन्ना इसमें सानिया, भूपति, पेस के साथ लगातार योगदान देते रहे हैं। जोकोविच कहते हैं कि हम ओल्ड हैं लेकिन गोल्ड हैं। उन्होंने नमस्ते के साथ बातचीत को खत्म किया।

# 10 वर्षों में रियल एस्टेट में 3 करोड़ रोजगार सृजित

**रोजगार में वृद्धि**

- **कई नीतिगत सुधारों के समर्थन से आवास क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में भारतीय रियल एस्टेट में रोजगार बढ़कर 7.1 करोड़ हो गया जबकि 2013 में यह संख्या 4 करोड़ थी...**

नयी दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार द्वारा कई नीतिगत सुधारों के समर्थन से आवास क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष में भारतीय रियल एस्टेट में रोजगार बढ़कर 7.1 करोड़ हो गया जबकि 2013 में यह संख्या 4 करोड़ थी।

एनारॉक और नारेडको की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के कई सुधारों से भारतीय आवासीय रियल एस्टेट बाजार को काफी फायदा हुआ है।

सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इससे उद्योग को न केवल मजबूत होकर उभरने में बल्कि नई ऊंचाइयों को छूने में भी मदद मिलेगी।



एनारॉक और नारेडको की नई रिपोर्ट 'रियल एस्टेट अनबॉक्स्डः द मोदी इफेक्ट' ने एक ऐसे आवास परिदृश्य को प्रदर्शित किया है जो विकास के अवसरों को विकसित करने की क्षमता से परिपूर्ण है। इसमें कहा गया है कि शीर्ष 7 शहरों में आवास की मांग और नई आपूर्ति पिछले 10 वर्षों में बढ़ी है, विशेष रूप से महामारी के बाद, और आवास की बिक्री अब नए लॉन्च के साथ दिख रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2014 और 2023 के बीच शीर्ष 7 शहरों में लगभग 28.27 लाख इकाइयाँ बेची गईं, जबकि नई लॉन्चिंग 29.32 लाख इकाइयों से अधिक थी। शीर्ष 7 शहरों में आवासीय संपत्ति की कीमतों में भी मांग आधारित महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले दशक में, इन शहरों में आवास की औसत कीमतें 25-60 प्रतिशत के बीच बढ़ी हैं।

नारेडको के अध्यक्ष निरंजन हीरानंदानी ने कहा " पिछले दशक में भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावशाली ढंग से वैश्विक स्तर पर 5वें स्थान पर पहुंच गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगातार तीन वर्षों से सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है, जो एक संकुचनशील वैश्विक आर्थिक माहौल में आशा की किरण है। 2030 तक बाजार का आकार एक लाख करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है, जो 2021 में 200 अरब डॉलर से अधिक है। इस बाजार का आकार 2025 तक भारत की जीडीपी में 13 प्रतिशत योगदान देने की उम्मीद है, जिससे यह क्षेत्र आर्थिक विकास, रोजगार और में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बन जाएगा।ऱ

रिपोर्ट में पाया गया है कि हाउसिंग इन्वेंटरी पिछले 10 वर्षों में महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई है।

# कोटक अल्टरनेट के आइकॉनिक फंड ने जुटाए 2000 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली, एजेंसी

कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड (कोटक ऑल्ट) ने सोमवार को बताया कि उसके कोटक आइकॉनिक फंड ने 2000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह कोष शेयरों में निवेश पर एक ओपन-एंडेड कोष है और इसकी अवधारणा एक मल्टी-एडवाइजर पोर्टफोलियो समाधान के रूप में की गई है। कंपनी के अनुसार इसमें बाजार पूंजीकरण और बाजार के रुझानों को देखते हुए निवेश के आवंटन में संतुलन के साथ विविधीकृत 'एक्टिव और पैसिव' रणनीतियों वाला लचीला निवेश दृष्टिकोण बनाए रखा है। कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी- इन्वेस्टमेंट एंड स्ट्रैटेजी, लक्ष्मी अय्यर ने कहा कि प्रबंधन के अंतर्गत सम्पत्ति (एयूएम) में 2000 करोड़ रुपये की पूंजी निवेशकों के दृढ़ समर्पण, लचीलेपन और भरोसे का प्रतीक है, जिन्होंने भारतीय इक्विटी के क्षेत्र में कोटक आइकॉनिक को अपने पसंदीदा निवेश विकल्प के रूप में चुना है। कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड के डिस्क्रिशनरी पोर्टफोलियो सॉल्यूशंस के प्रमुख निशांत कुमार ने कहा कि सेबी के साथ पंजीकृत कोटक आइकॉनिक फंड कठोर अनुसंधान, अनुशासित फ्रेमवर्क-आधारित निवेश, जोखिम प्रबंधन और भारतीय आर्थिक स्थिति की गहरी समझ की नींव पर बनाया गया है। कोटक अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर, डीआईएफसी और हांगकांग सहित पांच अपतटीय क्षेत्राधिकारों से भी निवेश स्वीकार कर सकता है।

# ब्लू स्टार ने रूम एसी की नई रेंज का किया अनावरण

**उम्मीद**

- **उद्योग का अनुमान है कि 2030 तक बाजार बढ़ कर दोगुने से भी अधिक हो जाएगा...**

नयी दिल्ली,एजेंसी

ब्लू स्टार लिमिटेड ने मंगलवार को रूम एसी की अपनी नई रेंज का अनावरण किया, जिसमें किफायती और फ्लैगशिप प्रीमियम रेंज शामिल हैं। कंपनी ने कुल मिलाकर, हर उपभोक्ता वर्ग की जरूरत को पूरा करने के लिए इन्वर्टर, फिक्स्ड स्पीड और विंडो एसी के स्पेक्ट्रम और अलग-अलग कीमत वाले 100 से अधिक मॉडल लॉन्च किए। कंपनी के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने नयी रेंज को लॉंच के मौके पर यहां संवाददाताओं से कहा, "रूम एसी का बाजार अपने ऐतिहासिक मोड़ पर है और अगले कुछ साल में तेजी से विकास करने के लिए तैयार है। उद्योग का अनुमान है कि 2030 तक बाजार बढ़ कर दोगुने से भी अधिक हो जाएगा। 80 साल से अधिक की एसी विशेषज्ञता और बाजार में स्थापित होने के मद्देनज़र यह हमारे लिए उल्लेखनीय अवसर है। ब्लू स्टार ने बढ़ती मांग का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए, दक्षताओं और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अनुसंधान एवं विकास, विनिर्माण के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण निवेश करना जारी रखा है। हमें उम्मीद है कि आगामी गर्मी का मौसम अच्छा रहेगा और रूम एयर कंडीशनर की मांग भी मज़बूत रहने की उम्मीद है। हमें विश्वास है कि विभिन्न किस्म के रूम एसी की उल्लेखनीय पेशकशों के साथ, सभी उपभोक्ता वर्गों और मूल्य दायरे में हम शेष बाजार के मुकाबले तेजी से वृद्धि दर्ज करेंगे।"

उन्होंने कहा कि उच्च आय वाले मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के कारण रूम एसी के बाजार में महत्वपूर्ण मांग देखी जा रही है और यह श्रेणी विलासिता से अधिक एक आवश्यकता बन गई है। कंपनी को पहली बार एसी खरीदने वालों की ओर से मांग दिख रही है, खासकर टियर 2, 3 और 4 बाजारों के साथ-साथ रिप्लेसमेंट बाजार में भी। ब्लू स्टार ने इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपने विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास और नवोन्मेष क्षमताओं का लाभ उठाते हुए कई नए, विशिष्ट लॉन्च किए हैं। 2024 के लिए एयर कंडीशनर की नई रेंज कंपनी ने इन्वर्टर स्प्लिट एसी सेगमेंट में तीन श्रेणियां लॉन्च की हैं। इनमें 2-स्टार, 3-स्टार और 5-स्टार वेरिएंट में फ्लैगशिप, प्रीमियम और किफायती रेंज शामिल हैं, जो 29,990 रुपये से शुरू होने वाली कीमत पर 0.8 टन से 2.2 टन तक विभिन्न कूलिंग क्षमताओं में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि लॉन्च किए गए नए एसी विभिन्न ग्राहक-अनुकूल फीचर से लैस हैं। इनमें 'एआई प्रो' नामक एक नया नवोन्मेषी फीचर शामिल है। यह एक जटिल और इंट्यूइटिव एल्गोरिदम है, जो विभिन्न मापदंडों को महसूस करता है, समायोजित करता है और अधिकतम आराम सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, इनमें तेज कूलिंग के लिए 'टर्बो कूल' जैसी सुविधाएं शामिल हैं; 'कन्वर्टिबल 6-इन-1 कूलिंग' जहां ग्राहक कूलिंग क्षमता को बढ़ा या घटा सकते हैं; और नैनो ब्लूप्रोटेक्ट टेक्नोलॉजी और हाइड्रोफिलिक 'ब्लू फिन' कोटिंग, आईडीयू और ओडीयू दोनों के लिए, क्रमशः कॉयल जंग और रिसाव को रोकने और लंबे समय तक चलने से जुड़ी है। कुछ अन्य अनूठी विशेषताओं में डिजीक्यू पेंटा सेंसर शामिल हैं जो अद्वितीय सटीकता और विश्वसनीयता प्रदान करते हैं और साथ ही यूनिफॉर्म कूलिंग के लिए चौतरफा स्विंग तेज तथा प्रभावी कूलिंग के लिए उच्च कूलिंग प्रदर्शन, हर 0.5 डिग्री सेल्सियस पर तापमान सेट करने के लिए सटीक कूलिंग तकनीक और स्वच्छ हवा के लिए सक्रिय कार्बन के साथ एक पीएम 2.5 फिल्टर है।

त्यागराजन ने कहा कि सभी ब्लू स्टार इन्वर्टर एसी स्मार्ट रेडी है और एक अलग स्मार्ट मॉड्यूल के साथ इन्हें स्मार्ट एसी में अपग्रेड किया जा सकता है। ब्लू स्टार के इन्वर्टर एसी का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उनके पास एक विस्तृत ऑपरेटिंग वोल्टेज रेंज है, जिससे बाहरी वोल्टेज स्टेबलाइजर की आवश्यकता समाप्त हो जाती है फ्लैगशिप रेंजकंपनी ने फ्लैगशिप मॉडलों की एक शानदार रेंज लॉन्च की है, जिसमें 'सुपर एनर्जी-एफिशिएंट एसी,' 'हैवी-ड्यूटी एसी,' 'स्मार्ट वाई-फाई एसी,' 'हॉट एंड कोल्ड एसी' और 'एंटी-वायरस टेक्नोलॉजी वाले एसी' शामिल हैं।

## मूंगफली और वनस्पति तेल हुआ महंगा, दालों में रहा मिलाजुला रुख



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में आई तेजी के प्रभाव से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल और वनस्पति तेल महंगे हो गए जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 17 रिंगिट की बढ़त लेकर 4531 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.19 सेंट की तेजी के साथ 48.09 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल में 73 रुपये और वनस्पति तेल में 133 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मूसर दाल 100 रुपये और उड़द दाल 150 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि अरहर दाल में 500 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, चना, दाल चना और मूंग दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनुमान** | **चांदी लंबी अवधि में 92,000-1,00,000 रुपये प्रति किलो तक मजबूत हो होने की संभावना**


# वैश्विक अस्थिरता के बीच सोने में तेजी, चांदी में निखार की संभावना

नयी दिल्ली,एजेंसी

भारत में अप्रैल माह में चैत्र नवरात्र, गुडी पड़वा, उगाडी और ईद त्योहारों से पहले सर्राफा बाजार में तेजी का दौर है।

सोना 24 कैरेट का भाव दिल्ली में आज 73,275 रुपये रुपये प्रति दस ग्राम तक चला गया। भारत में चांदी भी औसतन 81,500 रुपये प्रति किलो के स्तर को पार कर गयी है।अंतराष्ट्रीय बाजार में सुरक्षित निवेश की मांग के समर्थन से सोने का भाव 2320 डालर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में ऊंची कीमतों बाजार में सोने की मांग में ठहराव है और चुनावों में नकदी और सोने की खेप पर सरकारी एजेंसियों की निगरानी बढ़ने से इस वर्ष की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) में इस सप्ताह के त्योहारों को छोड़ कर सोने की मांग नरम रह सकती है।वैश्विक भू-राजनीतिक अस्थिरता तथा अमेरिका




में नीतिगत ब्याज दर में कटौती का दौर प्रारंभ करने की संभावनाओं के बारे में संघीय केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से किसी अस्पष्ट संकेत से अंतराष्ट्रीय बाजार में भी सोने का भाव मजबूत है।सचिन जैन, वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के भारत में स्थित क्षेत्रीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने एक बयान में कहा, "भारत में सोने की कीमत ने 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को छू लिया है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों केंद्रों में पहली तिमाही में आभूषण की मांग लगभग स्थिर रही है।"जैन ने कहा कि भारतीय परिवारों में त्योहारों पर सोना खरीदने को शुभ मानने की संस्कृति है तथा गुडी पड़वा, चैत्र नवरात्र आदि त्योहारों के आसपास सोने की प्रतीकात्मक खरीद बढ़ने से बाजार में उत्साह बढ़ा जाता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल में नवरात्रि और ईद के साथ वर्तमान त्योहारी सीज़न की शुरुआत से उपभोक्ता खरीदारी में तेजी देखी जानी चाहिए, और सोने की मांग में बढ़ोतरी होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से, उद्योग उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि और त्योहारों के लिए अच्छी पूर्व बुकिंग की खबर है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आम चुनावों के दौरान अगले दो महीनों तक सोने और नकदी की आवाजाही पर कड़ी जांच की जाएगी। त्योहारों को छोड़कर, 2024 की दूसरी तिमाही के बड़े हिस्से के दौरान सोने के आभूषणों की मांग कम रहने की संभावना है, फिर भले ही आने वाले महीनों में कीमतें कम हों।

जैन के अनुसार धातु के रूप में सोने का भाव ऊंचा होने से ऊंची सोने से जुड़े डिजिटल और निवेश उत्पादों में निवेश को प्रोत्साहित कर सकती हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड प्रेशियस मेटल्स त्रैमासिक रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ महीनों में चांदी में जोरदार सकारात्मकता रहेगी, लेकिन क्या यह सीधी बढ़त होगी या अस्थिरता के साथ, यह समय पर निर्भर करेगा फर्म में चांदी में भाव की हर गिरावट पर निवेश करने की सलाह दे रही है। उसका अनुमान है कि चांदी लंबी अवधि में 92,000-1,00,000 रुपये प्रति किलो तक मजबूत हो सकती है।

## सरकार इस महीने प्रतिभूतियों की बिक्री से 20,000 करोड़ रुपये जुटाएगी

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** सरकार ने सोमवार को नीलामी के माध्यम से तीन अलग-अलग श्रृंखलाओं में 20,000 करोड़ रुपये जुटाने वाली प्रतिभूतियों की बिक्री (निर्गम/पुनः जारी) करने की घोषणा की, जिसमें 2000 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त रखने का विकल्प भी शामिल है। वित्त मंत्रालय ने यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि ये नीलामी 12 अप्रैल, 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित की जाएगी। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का 5 प्रतिशत तक पात्र व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा। नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 12 अप्रैल, 2024 को भारतीय रिजर्व बैंक कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए। गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां सुबह 10:30 बजे के बीच प्रस्तुत की जानी चाहिए।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)